**JALAUN POLICE**

**दिनांक- 25.12.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना कदौरा साइबर टीम द्वारा आवेदिका के पति द्वारा ऑनलाइन(फोन पे के माध्यम से) भेजे गये रुपये गलती से किसी दूसरे व्यक्ति के खाते में पहुंचे सम्पूर्ण 20,000/- रुपये वापस कराकर आवेदिका के चेहरे पर लौटाई मुस्कान।**

दिनांक 23.12.2025 को आवेदिका श्रीमती मुन्नी के पति मो0 अकील हुसैन द्वारा दिनांक 22.12.2025 को मुम्बई से आवेदिका को ऑनलाइन(फोन पे) के माध्यम से 20,000 रूपये भेजना, लेकिन उपरोक्त 20,000/- रुपये गलती से किसी दूसरे व्यक्ति के खाते में चले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था।

जनपद जालौन साइबर टीम द्वारा जनपद में ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कदौरा साइबर पुलिस टीम द्वारा आवेदिका द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए आवेदिका उपरोक्त की सम्पूर्ण धनराशि 20,000/- रुपये 12 घण्टे के भीतर वापस कराने में सफलता प्राप्त की।

अतः आवेदिका द्वारा धनराशि आवेदिका के खाते में वापस होने पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक व थाना कदौरा साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**बरामदगी का विवरण:-**

| क्र0 सं0 | नाम, पता वादी | दूसरे खाते में गयी धनराशि | वापसी धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती मुन्नी पत्नी अकील हुसैन निवासी ग्राम चतेला थाना कदौरा | 20,000/- रूपये | 20,000/- रूपये |

**कुल बरामद धनराशि- 20,000 /- रूपये (बीस हजार रूपये )**

**बरामद करने वाली टीम –**

1. थानाध्यक्ष कदौरा मय थाना कदौरा साइबर टीम।

**-: ऑनलाइन / साइबर फ्रॉड हेतु:-**

**टोलफ्री नम्बर 1930/112**

Email- cybercrime.jl-up@gov.in
मोबाइलनम्बर:- 7839860021